आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 10.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू।
- होली के त्योहार के मद्देनजर प्रदेशभर में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान जारी, हरिद्वार में भारी मात्रा में पनीर और केमिकल बरामद।
- राजभवन देहरादून में सम्पन्न हुए वसंतोत्सव में दो लाख सत्तर हजार लोग हुए शामिल। राज्यपाल ने कहा– वसंतोत्सव में तकनीकी और नवाचार जैसी पहल की शुरुआत हुई।
- वनाग्नि सुरक्षा को लेकर उत्तरकाशी और नैनीताल जिले में जागरूकता अभियान चलाया गया।

बजट सत्र

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है। 4 अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र में 16 बैठकें होंगी। इस दौरान, वर्ष 2025–26 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान और संबंधित विनियोग विधेयक पारित किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज मणिपुर का बजट भी पेश करेंगी। एन. बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। विपक्ष ने कहा कि वह मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक के दोहराव के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

मिलावट छापेमारी अभियान

होली के त्योहार के मद्देनजर प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं और मिलावट पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा विभाग की क्विक रिस्पांस टीम ने हरिद्वार के मंगलौर में नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश्त किया है। टीम ने मौके से भारी मात्रा में नकली पनीर और पनीर बनाने में इस्तेमाल होने वाला संदिग्ध केमिकल बरामद किया। फैक्ट्री में स्वच्छता और स्वास्थ्य सम्बधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा था। साथ ही बिना फूड लाइसेंस के पनीर बनाया जा रहा था। विभागीय अधिकारियों द्वारा इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की गई।

खाटू श्याम मंदिर

होली का त्योहार नजदीक आते ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में होली महोत्सव के तहत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, देहरादून जिले में विकासनगर के सेलाकुई में स्थित खाटू श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। रंगों के त्योहार होली के नजदीक आते ही आस्था और भक्ति के इस पावन स्थल पर हर रोज हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में भजन–कीर्तन की गूंज, भक्तों की श्रद्धा और भव्य आरती का आयोजन पूरे माहौल को भक्तिमय बना रहा है। दूर–दूर से भक्त यहां बाबा श्याम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर को रंग–बिरंगी रोशनी और सुंदर फूलों से सजाया गया है, जिससे इसकी भव्यता और बढ़ गई है। होली के उपलक्ष्य में इस बार यहां पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा, जिसकी शुरुआत सात मार्च से हो चुकी है।

राष्ट्रीय लोक अदालत

चमोली जिल के गोपेश्वर के न्याय भवन में आयोजित लोक अदालत में 137 वादों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। जबकि विभिन्न मामलों में एक करोड़ 77 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। गोपेश्वर के साथ ही कर्णप्रयाग, गैरसैण, थराली और जोशीमठ के न्यायालयों में भी लोक अदालत में विभिन्न वादों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और सिविल जज पुनीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत में भरण पोषण, बैंकों की वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, एनआई एक्ट, वाहन चालान सहित कई वादों का निस्तारण आपसी सुलह–समझौते के आधार पर किया गया।

स्कूल व्यवस्था

गढ़वाल मंडल में प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा की अपर निदेशक कंचन देवराड़ी ने स्कूलों में घटती छात्र संख्या को बढ़ाने और सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को अपनी प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से कम हो रही छात्र संख्या को बढ़ाने को लेकर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर और नई शिक्षा नीति के तहत काम किया जा रहा है। इन दिनों हो रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर उन्होंने पौडी, टिहरी, हरिद्वार और अन्य जिलों का औचक निरीक्षण किया। अपर निदेशक ने कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों में कुछ अव्यवस्थाएं मिली हैं, मौके पर ही उन्हें सुधारने का काम किया गया है।

वसंतोत्सव

राजभवन देहरादून में सम्पन्न हुए तीन दिवसीय वसंतोत्सव में लगभग दो लाख सत्तर हजार लोगों ने भाग लिया और फूलों के प्राकृतिक सौंदर्य व अन्य कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि इस महोत्सव में तकनीकी और नवाचार का भी उपयोग किया गया, जिसने इस उत्सव को और अधिक प्रभावी और आकर्षक बनाया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में शहद, सुगंधित पौधों और फूलों के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं, जो राज्य की आर्थिक समृद्धि और ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। समापन समारोह में राज्यपाल ने सभी विजेताओं, प्रतिभागियों और प्रदर्शनी के मुख्य आयोजक उद्यान विभाग, संस्कृति विभाग सहित सभी सहयोगी विभागों को इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। वसंतोत्सव में इस वर्ष की रनिंग ट्राफी आईआईटी रुड़की को मिली। इस वर्ष आईआईटी रुड़की को 10 श्रेणियों में और उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्थान व पत्थरचट्टा को 03 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए। वसंतोत्सव में 15 श्रेणियों की 55 उप श्रेणियों में 165 पुरस्कार वितरित किये गये। राज्यपाल ने पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं, रंगोली तथा बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता आदि श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया।

वन अग्नि उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले के चिन्यालीसौड़ में ग्रीन इंडिया मिशन योजना के अन्तर्गत वनाग्नि सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी साक्षी रावत ने बताया कि कार्यक्रम में वन पंचायतों के सरपंच, सदस्यों और आम जनता को स्वयं सहायता संस्था के माध्यम से वन अग्नि कांड से बचाव को लेकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित चिन्यालीसौड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम बेहद ही जरूरी है। साथ ही विभाग को ऐसी कार्ययोजना बनानी चाहिए जिससे वन सरपंचों के अधिकार उन्हें प्राप्त हो सके और वन पंचायत अपने स्तर पर उनका निस्तारण कर सके।

वनाग्नि जागरुकता

वनाग्नि की रोकथाम के लिए हल्द्वानी में वन विभाग ने मनोरा रेंज के तहत आस–पास के गाँवो में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान सलड़ी–जोली वन पंचायत के सरपंचों को भी वनाग्नि सुरक्षा के लिए जागरूकता किया गया। इसके अलावा क्षेत्र में रैली निकाल कर जागरूकता अभियान चलाया गया। मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने कहा कि वनाग्नि की सुरक्षा सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के साथ मिलकर ही जंगलों में आग लगने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को जागरूक रहकर वनों को बचाना होगा।

<u>चमोली बैठक</u>

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कैंप कार्यालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता व तत्परता के साथ कार्यवाही करने को कहा, ताकि निर्धारित समय पर राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

<u>रथ यात्रा</u>

उत्तरकाशी जिलें की वरुणा घाटी के साल्ड गांव में स्थित जगन्नाथ देवता मंदिर से इस वर्ष पहली बार जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर रथयात्रा का निकाली जाएगी। इसके लिए 18 मार्च को भगवान जगन्नाथ की दारूल की लकड़ी की विग्रह मूर्ति उड़ीसा से साल्ड पहुंचेगी और विधिवत स्थापना कर जून माह तक पूजा अर्चना की जाएगी। जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी जनार्दन पटजोशी के साथ ही उड़िया फिल्म अभिनेता सब्यसाची मिश्रा व उनकी धर्मपत्नी अर्चिता मिश्रा मूर्ति स्थापना में शामिल रहेंगी।